-प्रेस नोट-

दिनांकः 20.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

**थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 02 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 06 सिक्के सफेद धातु, 01 जोडी पाजेब सफेद धातु, 9670/- रुपये नगद व 01 चोरी की गयी मोटर साईकिल बरामद**

अवगत कराना है कि दिनांक 16.09.2025 को वादी श्री महेन्द्र कुमार पुत्र निर सिंह निवासी पारसपुरम कालोनी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत घर से कुछ अज्ञात चोरो द्वारा चांदी कि सिक्के व नकदी चोर कर लेने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 434/2025 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में चोरी/नकबजनी/लूट आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व नकबजन/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर-द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चोरी का घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोर/अभियुक्तगण 1-.**हरदयाल पुत्र नाथीराम निवासी रवासौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर 2. अरुण उर्फ कार्तिक पुत्र धनीराम निवासी ग्राम रवासौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी गये 06 सफेद धातु के सिक्के व 9670/- रुपये नगद, 01 जोडी पाजेब सफेद धातु, (सम्बन्धित मु0अ0सं0 332/25 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 332/25 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस थाना कोतवाली देहात) व 01 मोटर साईकिल नम्बर यूपी 11 एएन 1198 (सम्बन्धित मु0अ0स0 222/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी) बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पुछताछ-** पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम दोनो मिलकर चोरी करते है तथा चोरी में मिले सामान को आपस में बाँट लेते है। दिनांक 03.08.25 को दिन में हम दोनो ने मिलकर बेहट रोड उत्तम विहार में एक राह चलती महीला से एक जोडी कुण्डल व एक अंगुठी सोने की उसके साथ बातचीतकर उसका बेवकुफ बनाकर ले ली थी उसके बदले एक सफेद कागज में पत्थर की रोडी लपेटकर दे दी थी। उन कुण्डल व अंगुठी को हमने राह चलते किसी व्यक्ति को जिसका नाम पता मै नही जानता हूँ 20 हजार रुपये में बेच दिये थे जो हमने आपस में बाँट लिये थे तथा दिनांक 16.09.25 को दोपहर में पारसपुरम गेट नं0 01 में बंद पडे मकान से चांदी के सिक्क ,चांदी का कडा व चांदी की अंगुठी व रुपये चोरी कर लिये थे। आज हमसे जो चांदी के सिक्के बरामद हुये है वह उन्ही सिक्को में बचे हुये सिक्के है जो पारसपुरम गेट नं0 01 के अन्दर बंद मकान से चोरी किये थे बाकि सिक्के व कडा चांदी की अंगुठी व रुपये हमने खर्च कर दिये है। आज जो नकद रुपये हमसे बरामद हुये है वह उन पैसो में से बचे हुये रुपये है जो हमने उत्तम विहार में चोरी किये गये जैवर को बेचकर हमे मिले थे बाकि रुपये हमसे खर्च हो गये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण के नाम व पताः-**

1-.हरदयाल पुत्र नाथीराम निवासी रवासौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर

.2अरुण उर्फ कार्तिक पुत्र धनीराम निवासी ग्राम रवासौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त  हरदयाल उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 332/25 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस थाना कोतावाली देहात जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0स0 222/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 434/2025 धारा 305ए बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 402/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 216/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर

**अभियुक्त अरुण उर्फ कार्तिक उपरोक्त का आपराधिक**

1. मु0अ0सं0 332/25 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस थाना कोतावाली देहात जनपद सहारनपुर
2. मु0अ0स0 222/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 434/2025 धारा 305ए बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण-**

- 06 सफेद धातु के सिक्के
- 9670 /- रुपये नगद
- 01 जोडी सफेद धातु की पाजेब
- 01 मोटर साईकिल नम्बर यूपी 11 एएन 1198 (थाना जनकपुरी क्षेत्र से चोरी)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री योगेन्द्र सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री अमनपाल सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
3. है0का0 736 दीपक नागर थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
4. का0 934 रुपेन्द्र सिह थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
5. का0 1932 बिजेन्द्र सिह ताज थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

दिनांक 20.09.2025

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

ऑपरेशन सवेरा

"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 वांछित शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **"ऑपरेशन सवेरा"–"नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.09.2025 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा चैकिग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त **अब्दुल सलाम पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर जिला** सहारनपुर को नैशेरा पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अब्दुल सलाम उपरोक्त के कब्जे से 65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अब्दुल सलाम उपरोक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 181/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त अपराधी थाना मिर्जापुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 176/25 धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट में भी वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मै पुलिस से बचते बचाते चोरी छिपे उत्तराखण्ड से यह नशीला सामान सस्ते दामों में लेकर आता हूँ और ट्रक चालको व नशा करने वाले लोगो को महगे दामो में बेच देता हूँ। जिससे मेरी अच्छी खासी कमाई हो जाती है और मै अपने खाने पीने व घूमने फिरने के शौक पूर कर लेता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

1. अब्दुल सलाम पुत्र लतीफ निवासी ग्राम मिर्जापुर पोल थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

बरामदगी का विवरण –

65 ग्राम अवैध स्मैक

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 87/24 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर
2. मु0अ0स0 176/25 धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3. मु0अ0स0 113/24 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
4. मु0अ0स0 118/2010 धारा 420/467/468/471/120 बी भादवि थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 181/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 श्री ललित कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।
2. हेका0 958 धीरेन्द्र थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
3. हेका0 698 संदीप कुमार थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 20.09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचंद सिंह के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 20.09.25 को वारण्टी अभियुक्त **मतीन पुत्र मोबीन निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर सहारनपुर** सम्बन्धित सम्बन्धित न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सहारनपुर वाद संख्या 4490/24 अ0सं0 23/21 धारा 63 आबकारी अधिनियम चालानी थाना कोतवाली नगर सहारनपुर व वाद संख्या 4035/24 अ0सं0 319/20 धारा 13 जी अधिनियम चालानी थाना कोतवाली नगर सहारनपुर को दबिश देकर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1. मतीन पुत्र मोबीन निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री राजकमल सिह थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर
2. है0का0 406 अमित धामा थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 20 .09.2025

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारन्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर महोदया के निकट पर्यवेक्षण मे एवं थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.09.2025 को थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त **आबाद पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)** सम्बन्धित वाद स 01294/20 मु 0स0अ0452/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट नियत तिथि 20.09.2025 चालानी थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर माननीय न्यायालय ऐ.सी.जे.एम महोदय कोर्ट नं0 11 जनपद को इसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी के विरूद्ध आवश्य कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्त का नाम व पता –**

1. आबाद पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1.थानाध्यक्ष श्री विनय शर्मा थाना फतेहपुर सहारनपुर

2. उ0नि0 श्री मसकूर अली त्यागी थाना फतेहपुर सहारनपुर

3. का0 2023 विराट चौधरी थाना फतेहपुर सहारनपुर

दिनांकः- 20.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर अंतर्राज्यीय वाहन चोर/हिस्ट्रीशीटर/एनडीपीएस एक्ट मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही से 07 मोटरसाईकिल बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में नकबजनी/चोरी/लूट आदि घटनाओं की रोकथाम व नकबजन/चोर/ शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर वाहनचोर/अभियुक्तगण 1.**प्रदीप पुत्र जगमाल निवासी ग्राम तैपला थाना शाहा जिला अम्बाला हरियाणा** 2.जावेद पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला चौघई ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर को मातागढ पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही से 2000 रुपये (सम्बन्धित मु0अ0सं0 318/25 धारा 305(a) बीएनएस थाना मण्डी),व 07 मोटरसाईकिल UP 11 BV 7549 का इंजन नं0- HA10AGKHLA8695 chesis no. MBLHAW097KHAL64986 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 149/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी सहारनपुर ), व 06 मोटरसाइकल (1. UP11AC 4911 CHESIS NO. MBLHA 10EZAHH01190 ENGINE NO HA10EFAHH15741 SPLENDER PLUS रंग काला 2. HR 54 B6792 CHESIS NO. MBLHA11AEE9C38409 ENGINE NO HA11EFE9C44108 HF DELUX रंग काला 3.HR 85D7206 CHESIS NO. MBLHAW118LHJ84278 ENGINE NO. HA11EVLHJD3793 SPLENDER PLUS रंग काला 4. HR85B7857 CHESIS NO. MBLHAR085JHM59165 ENGINE NO. HA10AGJHMA4949 SPLENDER PLUS रंग काला 5. UP11CH4247 CHESIS NO. MBLHAW127NHF21229 ENGINE NO AH11EDNHF50410 SPLENDER PLUS रंग काला 6. HR 02 AG2875 CHESIS NO. MBLHA11ALE9M08530 ENGINE NO. AHA11EJE9M26100 HFDELUX रंग काला) अन्य स्थानो से चोरी की गयी बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य 06 मोटरसाईकिल की बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 384/25 धारा 317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्त जावेद उपरोक्त थाना मिर्जापुर का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर है तथा मु0अ0सं0 129/25 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मिर्जापुर सहारनपुर मे वांछित चल रहा है गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-.**

1. प्रदीप पुत्र जगमाल निवासी ग्राम तैपला थाना शाहा जिला अम्बाला हरियाणा
2. जावेद पुत्र मुन्ना निवासी मौहल्ला चौघई ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 01 मोटरसाईकिल मोटर UP 11 BV 7549 का इंजन नं0- HA10AGKHLA8695 chesis no. MBLHAW097KHAL64986

2. 01 मो0सा0 रंग काला UP11AC 4911 CHESIS NO. MBLHA 10EZAHH01190 ENGINE NO HA10EFAHH15741 SPLENDER PLUS
3. .01 मो0सा0 रंग काला HR 54 B6792 CHESIS NO. MBLHA11AEE9C38409 ENGINE NO HA11EFE9C44108 HF DELUX
4. 01 मो0सा0 रंग काला HR 85D7206 CHESIS NO. MBLHAW118LHJ84278 ENGINE NO. HA11EVLHJD3793 SPLENDER PLUS
5. 01 मो0सा0 रंग काला HR85B7857 CHESIS NO. MBLHAR085JHM59165 ENGINE NO. HA10AGJHMA4949 SPLENDER PLUS
6. 01 मो0सा0 रंग काला UP11CH4247 CHESIS NO. MBLHAW127NHF21229 ENGINE NO AH11EDNHF50410 SPLENDER PLUS
7. 01 रंग काला मो0सा0 HR 02 AG2875 CHESIS NO. MBLHA11ALE9M08530 ENGINE NO. AHA11EJE9M26100 HFDELUX
8. 2000/- रुपये नकद

**अभियुक्त जावेद उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0 271/16 धारा 3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम , धारा 11 पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम , धारा 471 बा0द0वि0 थाना मिर्जापुर सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 278/16 धारा 3/8 गौवध निवारण अधिनियम थाना मिर्जापुर सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 107/17 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना मिर्जापुर सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 31/2018 धारा 147,148,323,332,504,506 भा0द0वि0 थाना मिर्जापुर सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 53/18 धारा 380,411,420,467,468,471 भा0द0वि0 थाना मिर्जापुर सहारनपुर
6. मु0अ0सं0 52/19 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मिर्जापुर सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 53/19 धारा 10 उ0प्र0 गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम थाना मिर्जापुर सहारनपुर
8. मु0अ0सं0 189/24 धारा 60,63 आबकारी अधिनियम थाना मिर्जापुर सहारनपुर
9. मु0अ0सं0 129/25 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट थाना मिर्जापुर सहारनपुर (वांछित)
10. मु0अ0सं0 318/25 धारा 305ए बीएनएस थाना मण्डी सहारनपुर
11. मु0अ0सं0 149/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी सहारनपुर

**अभियुक्त प्रदीप उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1. मु0अ0सं0 176/19 धारा 342,427,458,506,201 भा0द0वि0 थाना शाह जिला अम्बाला (हरियाणा)
2. मु0अ0सं0 209/17 धारा 380, 454 भा0द0वि0 थाना महेश नगर जिला अम्बाला( हरियाणा)
3. मु0अ0सं0 99/17 धारा 380,457 भा0द0वि0 थाना थाना शाह जिला अम्बाला (हरियाणा)
4. मु0अ0सं0 113/2020 धारा 379 भा0द0वि0 थाना रादौर जिला यमुनानगर (हरियाणा)
5. मु0अ0सं0 172/20 धारा 379 भा00वि0 थाना शाह जिला अम्बाला (हरियाणा)
6. मु0अ0सं0 107/15 धारा 457,380 , 457 भा0द0वि0 थाना शाह जिला अम्बाला (हरियाणा)
7. मु0अ0सं0 149/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना जनकपुरी सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रोजन्त त्यागी थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री अमित प्रसाद थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर

3. है0का0 100 राहुल त्यागी थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
4. है0का0 521 सुनील राणा थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
5. है0का0 02 कमल कौशिक थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
6. का0 1039 शोएब मिर्जा थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर

दिनांक: 20.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 चाकू बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण ,अवैध अस्लाह रखने व इसके कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे है। अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व में दिनांक 20.09.2025 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर **अभियुक्त 1. जसबीर उर्फ जस्सी S/O बालचन्द सैनी नि0 इन्दा कालौनी थाना सदर बाजार सहारनपुर** को भट्टा कालौनी मील के पीछे वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त जसवीर उर्फ जस्सी के विरुद्ध थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 494/2025 धारा 4/25 Arms Act पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**अभियुक्त जसवीर का नाम व पता –**

जसबीर उर्फ जस्सी S/O बालचन्द सैनी नि0 इन्दा कालौनी थाना सदर बाजार सहारनपुर

**अभियुक्त जसवीर का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0सं0 0073/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर

मु0अ0स0 494/2025 धारा 4/25 Arms Act थाना सदर बाजार सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः –**

➢ 01 अवैध चाकू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. उ0नि0 श्री सुन्दर सिंह थाना सदर बाजार सहारनपुर।
2. का0 178 मयंक राणा थाना सदर बाजार सहारनपुर।

**दिनांक 20.09.2025**

**-प्रेस नोट-**

# “ऑपरेशन सवेरा”

**“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”**

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

**थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद**

अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर में मादक पदार्थों /नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में **“ऑपरेशन सवेरा”–“नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर”** अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक नगर एंव सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुबे सिह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 20.09.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त सलमान पुत्र अनीस निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात सहारनपुर को सन्तागढ की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 150 ग्राम अवैध चरस बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 444/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सलमान पुत्र अनीस निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात सहारनपुर

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 431/2023 धारा 457/380/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
2- मु0अ0सं0 432/2023 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
3- मु0अ0सं0 183/2024 धारा 454/380/411 भादवि थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर
4- मु0अ0सं0 32/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवील देहात जनपद सहारनपुर
5- मु0अ0सं0 444/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवील देहात जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण**

- 150 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री सचिन त्यागी थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 1165 मोनू कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।
3. का0 1718 अंकित धामा थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

दिनांक: 20.09.2025

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा शासन की मनसा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण हेतु समस्त थानों पर महिला शक्ति केन्द्र किये गये स्थापित

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान जिसका मुख्य उद्देश्य देश की सभी महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करना है, जिसमें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक सहायता शामिल है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और हिंसा एवं भेदभाव से मुक्त जीवन जी सकें। यह अभियान दो मुख्य कार्यक्षेत्रों में काम करता है: 'संबल' जो महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है, और 'सामर्थ्य' जो उनके सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। मिशन शक्ति पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है, जिसमें उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी शामिल है. यह एक मिशन-मोड योजना है जो महिलाओं की जीवन-चक्र के हर चरण में मुद्दों को संबोधित करके और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को साकार करके उनके विकास को बढ़ावा देती है। महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना कर पर्याप्त जनशक्ति की तैनाती की गई है।

उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान “मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थाना प्रभारियो/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरुक किया जा रहा है।

- महिला सुरक्षा और संरक्षा: - महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराधों की प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण।
- महिला सशक्तिकरण: - महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना।
- आजीविका संवर्धन: - महिलाओं को स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना ताकि वे दीर्घकालिक आय स्रोत उत्पन्न कर सकें।
- महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक विकास: - महिलाओं को समान भागीदार बनाकर उनके नेतृत्व वाले विकास को सुनिश्चित करना।

- **मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता ,सुरक्षा ,स्वावलंबन व सम्मान को सुरक्षित करना सहारनपुर पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

- **उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना अभियान "मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर निरन्तर जागरूक किया जा रहा है।**